लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी, विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 136, पृष्ठ 16+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 2 अप्रैल 2023

PAGE NO : 05 MIDDLE

आर्मी मस्टेलियंस की एयरफोर्स पर जीत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ तीसरा मैच
- मस्टेलियंस ने 20 ओवर में बनाए 157 रन, एयरफोर्स को 12 रन से हराया

अमृत विचार : श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन शनिवार को रोमांचक मैच में आर्मी मस्टेलियंस ने एयरफोर्स को 12 रन से हराया। शुक्रवार रात हुई बारिश से शनिवार को एसआरएमएस और गंगाशील के बीच होने वाला मैच नहीं खेला गया।

अब यह 3 अप्रैल को खेला जाएगा ।एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन शनिवार को आर्मी मस्टेलियंस ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 157 रन बनाए। इसमें कप्तान कृष्णा यादव (38 रन), अभिषेक प्रताप (24 रन), रविंदर परिहार (12 रन), धीरेंद्र यादव (24 रन), शुभ अग्रवाल (14 रन) की आक्रामक पारी खेली। एयरफोर्स के गेंदबाज क्रांति ने 3 विकेट, डा. डीके ने 2, नीलेश और अन्नू ने 1-1 विकेट हासिल किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे एयरफोर्स के खिलाड़ियों ने सावधानी से खेल आरंभ किया। अन्नू चपर्ना (41 रन), डीके (26 रन), सलिल (37 रन) की आक्रामक पारियां खेलीं लेकिन अंतिम ओवर की तीसरी गेंद पर अंतिम बल्लेबाज के रूप में क्रांति भी पवेलियन वापस लौट गए। इसी के साथ 12 रन के कम अंतर से एयरफोर्स की टीम को पराजय का सामना करना पड़ा। आर्मी मस्टेलियंस के गेंदबाज धीरेंद्र यादव (3 विकेट), माधव गुप्ता, शुभ अग्रवाल और विवेक पुरी (2-2 विकेट) ने एयरफोर्स के बल्लेबाजों को जमने नहीं दिया। ऑल राउंडर प्रदर्शन करने वाले आर्मी मस्टेलियंस के धीरेंद्र यादव को मैन आफ द मैच चुना गया। धीरेंद्र ने 12 गेंदों पर 24 रन बनाने के साथ तीन विकेट भी हासिल किए।